PAGE 3 2026.qxd 21-10-2026 23:32 Page 1

दो दिन किया मांकी प्रतिमाओं का विसर्जन

प्रयागराज में बुधवार के अलावा बीते मंगलवार को भी सैकड़ों मां की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया था। कारण था कि जिन पण्डालों में नौ दिन तक मां की प्रतिमाओं को स्थापित किया गया था, वहां के भक्तों ने मंगलवार को नैनी, अंदावा, फाफामऊ, काा-लिन्दीपुरम सहित अन्य विसर्जन स्थलों पर प्रतिमाएं विसर्जित की। बुधवार को बारवरियों के पण्डाल में षष्ठी को मां की प्रतिमा स्थापित की गयी थी, उन्होंने बुधवार को विसर्जन किया। बताया जा रहा है कि सभी विसर्जन स्थलों पर करीब एक हजार से अधिक मां की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया है।



कर्नलगंज बारवारी दुर्गा पण्डालमें सिन्दूर खेलतीं महिलाएं एवं अन्दावामें मां दुर्गाकी प्रतिमा विसर्जित करते श्रद्धालु।

राहुल इंटरमीडिएट एवं अमित पूरी कर चुका था स्नातककी पढ़ाई

राहुल इंटरमीडिएट का छात्र था, जबकि अमित स्नातक की पढ़ाई पूरी कर चुका था। दोनों के पिता खेती-किसानी करते हैं। मंगलवार देर शाम शव घर पहुंचे तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बुधवार को दोनों का अंतिम संस्कार मवैया स्थित गंगा घाट पर किया गया। एक ही परिवार के दो युवकों की मौत से गांव में मातम छाया रहा। डीसीपी यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान दो युवकों की डूबने से मौत हुई थी। स्थानीय गोताखोरों और जल पुलिस टीम की मदद से दोनों युवकों के शव बरामद कर पोस्टमार्टम कराया गया। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पूजा पण्डालोंमें सिंदूर खेलाके साथ मां दुर्गाको नम आखोंसे दी विदायी

महिलाओंने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर की अखंड सुहागकी कामना, ढोल ताशोंकी थाप पर विसर्जन स्थलपर पहुंचे बारवारी, मांकी प्रतिमाको किया विसर्जित, साथ लाये शांतिजल

नगर के दर्जनभर पूजा पंडालों में बुधवार का दिन मायूसी भरा रहा। पण्डालों में बावारियों की महिलाओं ने सिंदूर खेला और फिर मां को नम आखों से विदायी देते हुए उनकी प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस दौरान बारवारियों के चेहरे पर मायूसी छायी रही। ऐसा कहा जाता है कि मां अपने मायके से विदा हो गयी हैं।

कर्नलगंज, टैगोर टाउन, दरभंगा, अशोक नगर, बाई का बाग, नेतानगर, कटघर, एलनगंज एवं शास्त्रीनगर, जीटीबीनगर करेली सहित अन्य दुर्गा पण्डालों में सर्वप्रथम दशमी की पूजा की गयी जिसके बाद दर्पण विसर्जन या अपराजिता पूजन किया गया। पण्डालों में मौजूद सैकड़ों भक्त मां की अलौकिक प्रतिमा को निहारते रहे। मां के चेहरे पर एक ऐसा भाव रहा, जिससे भक्त देखकर और दुखी हो जा रहे थे। जिसके बाद पण्डालों में महिलाओं ने सिंदूर खेला। यह कार्यक्रम काफी देर तक चला। जिसके बाद मां की प्रतिमा के विसर्जन की तैयारी होने लगी। षष्ठी तिथि पर शुक्रवार को मां भगवती का आह्वान, अधिवास (घट स्थापना) एवं मां की भुजाओं में शंख, गदा, तलवार, चक्र एवं त्रिशूल और पहनाये गये आभूषण को देख भक्तों की आंखों में आंसू भर आये। किसी तरह उन्होंने अपने को संभाला और फिर ढोल ताशों की थाप पर मां की प्रतिमा के विसर्जन के लिए अंदावा या अन्य मूर्ति विसर्जन स्थल पर पहुंचे। जहां मां की प्रतिमा विसर्जित कर लौट आये। सभी के चेहरे पर उदासी छायी रही। इसी क्रम में बारवारियों ने विसर्जन स्थल से अपने साथ शांतिजल लेकर लौटे और सीधे पण्डाल पहुंचे। वहां पर शांतिजल अर्पित किया ताकि सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बना रहे। इसी तरह घरों में भी शांति जल का छिड़काव किया गया।

जीटीबी नगर सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप दत्ता, महासचिव रजत घोष एवं कोषाध्यक्ष संदीप बछार ने बताया कि सुबह ८ बजे दशमी पूजा एवं घट विसर्जन और ८:३० बजे अपराजिता पूजा संपन्न हुई। सुबह ११ बजे महिलाओं ने पारंपरिक सिंदूर उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया, एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सुहाग की कामना की। इसके बाद दोपहर एक बजे गाजे-बाजे के साथ प्रतिमा विसर्जन के लिए शोभायात्रा विसर्जन घाट के लिए रवाना हुई। माँ के जयकारों से पूरा जीटीबी नगर गूंज उठा। कमेटी के प्रकाशन सचिव सुमित श्रीवास्-तव ने बताया कि २५ अवतूबर को शाम सात बजे से श्री लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया जाएगा। व्यवस्था में हेमंत बनर्जी, ओपी श्रीवास्तव, प्रशान्त व्यास, दीपक चौधरी, आरके खन्ना, अभिषेक श्रीवास्तव आदि लगे रहे।

शातिरोंने खातेसे उड़ा दिये ४९ हजार रुपये

कैंट थाना क्षेत्र में शातिरों ने एक डाक्टरों को ४९ हजार रुपये की चपत लगा दी। कैंट पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। डॉ. सूर्य मणि त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि २८ सितंबर को साइबर ठगों ने खाते से ४९,५११ रुपये की चपत लगा दी। उन्होंने पुलिस से बाकी की रकम को रोकने और ठगी की रकम वापस दिलाने की मांग की है। कैंट पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

होटलसे ४८ हजार कीमतका पार्सल लेकर भागा, मुकदमा

बस्ती जिले के थाना रुधौली गांव रतनपुरवा निवासी आशीष चौधरी सीक्वल लॉजिस्टिक्स प्राइवेट कंपनी में डिलीवरी एजेंट हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि १७ अक्तूबर को वह लखनऊ से पार्सल लेकर अल्लापुर आए थे। ४८,९१८ रुपये कीमत का पार्सल रंजना होटल में हिमांशु सिंह के नाम से पहुंचाना था। ग्राहक से संपर्क कर होटल के कमरा नंबर २१ में पार्सल पहुंचाया। इस दौरान पांच मिनट रुकने को कहकर आधा भुगतान ऑनलाइन व आधा नकद लेने को कहा। पार्सल कमरे में रखकर बाथरूम चले गए लौटे तो वह चोरी हो गया था। जॉर्जटाउन पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

मूर्ति विसर्जन करने गए चाचा-भतीजा टोंस नदीमें डूबे, मौत

कौंधियारा थाना क्षेत्र के पाटलेश्वर मंदिर के समीप टोंस नदी में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ी घटना हो गई। टोंस नदी में चाचा-भतीजा डूब गए। इससे वहां मौजूद लोगों में हडकंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद दोनों का शव गोताखोरों ने बरामद किया। दोनों के शव मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

कौंधियारा संवाददाता से मिली जान-ाकारी के अनुसार कौंधियारा के ग्राम पंचायत देवरा के मजरा दीवान का पूरा में दुर्गा मूर्ति स्थापित की गई थी। मंगलवार को मूर्ति विसर्जन के लिए गांव के लोग पाटलेश्वर मंदिर के समीप टोंस नदी पर गए थे। टोंस नदी में मूर्ति का विसर्जन किया जा रहा था। उसी समय २२ वर्षीय अमित पांडेय पुत्र राजित राम पांडेय मूर्ति को और आगे ढकेलने लगे। इसी बीच वह गहरे पानी में चले गए। चाचा को डूबते देख २० वर्षीय भतीजे राहुल पांडेय पुत्र कृष्ण कुमार बचाने के लिए नदी में कूद गया। वह भी डूब गया। वहां मौजूद गांव के अन्य लोगों ने दोनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों को लगाया। दोपहर में दोनों के शव बरामद किए गए। अमित और राहुल का शव देखते हुए परिजन बिलखने लगे। राहुल दो

कौंधियाराके देवरा पटपर घाटकी घटना, घंटों मशक्कतके बाद गोताखोरोंने बरामद किये शव



हत अमित एवं राहुल की फाइल फोटो।

भाइयों में बड़ा था और १२वीं का छात्र था। वहीं अमित पांडेय भी पढ़ाई कर रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि मूर्ति विसर्जन की जान-ाकारी होने के बाद भी पुलिस घाट पर मौजूद नहीं थी। कौंधियारा थाना प्रभारी के मुताबिक मूर्ति विसर्जन के निर्धारित स्थलों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ सुरक्षा के इंतजाम किये गये थे। हादसे वाली जगह विसर्जन के लिए निर्धारित नहीं थी।

मूर्ति विसर्जनके समय खदान में डूबनेसे बालिकाकी मौत

उप्र-मप्र की सीमा स्थित पटहट कला गांव में मूर्ति विसर्जन करने गई बालिका के खदान के पानी में डूबने से मौत हो गई। शंकरगढ़ थानांतर्गत पटहट कला गांव में दुर्गा मूर्ति की स्थापना की गई थी। मंगलवार को मूर्ति विसर्जन के लिए ग्रामीण गांव के समीप स्थित खदान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पांच बच्चे विसर्जन दल के पहुंचने से पहले ही खदान में नहाने के लिए उतर गए। इसी बीच तीन बच्चे गहरे पानी में समा गए। खदान के ऊपर मौजूद अन्य बच्चों ने शोर मचाया तो ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई। ग्रामीणों ने बिना देर किए खदान में छलांग लगाई और तीनों बच्चों को बाहर निकाला। सभी को क्षेत्र के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां नौ वर्षीय बाबू पुत्री नागेंद्र रावत निवासी पटहट कला, थाना जनेह, जिला रीवा, मप्र को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि रामराज रावत पुत्र अरुण रावत, अभिषेक रावत पुत्र नागेंद्र रावत का उपचार चल रहा है।

कुरेसर घाटपर डूबे आरएसएस कार्यकर्ता एवं महिलाका मिला शव

नवाबगंज के कुरेसर गंगा घाट पर स्नान के दौरान डूबकर लापता हुई अनीता यादव का शव तीसरे दिन बुधवार शाम करीब चार बजे चफरी गांव के सामने गंगा नदी में मिला। एनडीआरएफ की टीम ने लगातार खोज अभियान चलाकर शव बरामद किया। वहीं, मंगलवार को आरएसएस कार्यकर्ता सुरेश केसर-वानी का चफरी और महम्मदपुर गांव के समीप शव मिला था।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के घाटमपुर नि-वासी अनीता यादव पत्नी नितेश उर्फ राजू यादव सोमवार को कुरेसर गंगा घाट पर स्नान करने गई थीं। इसी दौरान वह गहरे पानी में चली गईं और डूब गई थी। आरएसएस के सक्रिय कार्यकर्ता सुरेश केसरवानी भी उसे बचाने की कोशिश में नदी में डूब गए थे। घटना के बाद से ही एनडीआरएफ की टीम लगातार दोनों की तलाश में जुटी थी।

मंगलवार को सुरेश केसरवानी का जहां शव बरामद किया गया, वहीं बुधवार को अनीता का शव मिला। दोनों के शव मिलने के बाद स्वजन पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है।

दुर्गा पण्डालमें लगाये मांके जयकारे

नव युवक दुर्गा पूजा कमेटी बाबा जी का बाग के २१वं वर्ष में दुर्गा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा कर



जयकारे लगाये।

बुधवार को मां की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाने से पूर्व भक्तों ने पण्डाल में मां के नाम का उद्घोष किया। जिसके बाद भक्त प्रतिमा को लेकर विसर्जन के लिए चले। इस मौके पर विनोद राय अध्यक्ष, उज्ज्वल, कुनाल राय, आनन्द कुमार, अनुज कुमार, नक्शा कुमार तिवारी, गुलशन कुमार, गौरव गोर, आशीष कुमार, कल्पना, लक्ष्मी, दिव्यांशी, शेफाली, मुस्कान, खुशी, अनन्या, माही, रूही, निधि आदि शामिल रहे।

दुर्गापूजा पण्डालमें 'महिषासुर मर्दिनी' की भव्य प्रस्तुति

दुर्गापूजा पार्क प्रीतम नगर का भव्य मंच भक्ति और कला के अभूतपूर्व संगम का गवाह बना। यहां टी-सी-रीज और दूरदर्शन के कलाकारों से सजे 'अनुराधा जान्हवी आर्ट ग्रुप' की ओर से हिंदू पौराणिक कथाओं पर आधारित मुख्य नृत्य नाटिका 'महिषासुर मर्दिनी' की अत्यंत भव्य और जीवंत प्रस्तुति दी गई, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु और कला प्रेमी एकत्र हुए। शुरुआत भगवान गणेश की स्तुति और मन-मोहक गणेश वंदना से हुई। इसके बाद मंच पर राधा-कृष्ण के अलौ-किक प्रेम और रासलीला पर आधारित नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। इस विशेष प्रस्तुति का मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय स्तर (दूरदर्शन व टी-सीरीज) पर अपनी पहचान बना चुके मुख्य कलाकार जान्हवी गुप्ता और मोहित गुप्ता रहे। दोनों कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट नृत्य कला, सशक्त अभिनय और अद्भुत भाव-भंगिमाओं से महिषासुर मर्दिनी के प्रसंग को मंच पर जीवंत कर दिया, जिसे देख पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सांस्कृतिक संध्या का एक और मुख्य आकर्षण एकेडमी की होनहार छात्रा सांधवी और कृषिका की प्रस्तुति रही। सांधवी और कृषिका ने भगवान कृष्ण के भजन पर अत्यंत सुंदर भाव-भंगिमाओं और भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर वहां मौजूद सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ ही ग्रुप की अन्य बाल कलाकारों आस्था, आद्रिका, क्षितिज, ख्याति, श्रेयांशी, श्रेया, सुा-चिता, सृष्टि और ताशी ने भी अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। इस मौके पर फैशन डिजाइनर एकता जायस-वाल ने कहा कि महानवमी का दिन आदि-शक्ति की उपासना का परम पावन दिन है। इस तरह की प्रस्तुति न केवल दर्शकों का मनोरंजन करेगी, बल्कि हमारी नई पीढ़ी को नृत्य के माध्यम से हमारी समृद्ध हिंदू पौराणिक कथाओं और सनातन संस्कृति से भी जोड़ेगी। प्रीतम नगर दुर्गापूजा समिति और आट ग्रुप के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए सभी क्षेत्रवासियों, दर्शकों और मीडिया जगत का दिल से आभार व्यक्त किया।

महिला पीआरडी कर्मीसे अभद्रता, विरोधपर हमला

दूसरी घटना सिविल लाइंस में हनुमान मंदिर के पास की है। महिला पीआरडी जवान के मुताबिक, मंगलवार को वह पथरचट्टी रामलीला में ड्यूटी करने के बाद घर लौट रही थीं। इसी दौरान दो बाइक पर सवार छह युवकों ने उन्हें देखकर अश्लील टिप्पणियां कीं और सीटी बजाने लगे। विरोध करने पर रामजी नाम का युवक पीछे से आया और उन पर हमला कर दिया। इसके बाद वह बाइक से भाग निकला। घटना के समय महिला जवान के साथ दो अन्य पीआरडी जवान भी थे। सिविल लाइंस पुलिस ने रामजी, दीपांशु सोनकर, सलमान समेत छह युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

काम दिलानेका झांसा देकर कारोबारीसे चार लाख रुपयेकी ठगी

दिल्लीकी फर्मके नामपर दिलाया भरोसा, मुकदमा

दिल्ली की फर्म के नाम पर कारोबार का भरोसा दिलाकर एक कारोबारी से चार लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। रोलिंग और प्री-फौ-ब्रिकेटेड पार्ट्स का काम दिलाने का झांसा देकर दो बार में दो-दो लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराए गए। रकम मिलने के बाद आरोपित ने फोन उठाना बंद कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर धूमनगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजरूपपुर निवासी चंद्रा सिंह मेजर्स रोल्स रॉयल विनायक सिंडिकेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि दिल्ली निवासी त्रिपुरारी चौधरी से उनका परिचय हुआ था। आरोप है कि त्रिपुरारी ने अपनी फर्म जय मां दुर्गा एंटरप्राइजेज के माध्यम से रोलिंग और प्री-फैब्रिकेटेड पार्ट्स का कारोबार करने की बात कही और उन्हें काम दिलाने का भरोसा दिया आरोपित की फर्म इंडियामार्ट पर भी पंजीकृत थी। इस वजह से उन्होंने उस पर भरोसा कर लिया। आरोप है कि २८ सितंबर २०२६ को उन्होंने दो बार में दो-दो लाख रुपये संबंधित फर्म के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर किए। इस तरह कुल चार लाख रुपये भेजे गए। रकम ट्रांस-फर करने के बाद जब उन्होंने काम के संबंध में संपर्क करने का प्रयास किया तो आरोपित ने फोन उठाना बंद कर दिया। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत की। धूमनगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जागरणमें देखने गयी युवतीसे छेड़खानीका विरोध करनेपर मारपीट

लाठी, डंडा एवं ईंटसे हमला, चार घायल, जांचमें जुटी कर्नलगंज पुलिस
जागरण में छेड़खानी के बाद तीन भाइयों पर हमला, महिला पीआरडी जवान से भी अभद्रता

छेड़खानी का विरोध करने पर मारपीट की दो घटनाएं सामने आई हैं। कर्नलगंज थाना क्षेत्र में जागरण देखने गई युवती से छेड़खानी का विरोध करने पर उसके तीन भाइयों पर लाठी-डंडों और ईंट से हमला कर दिया गया। मारपीट में युवती समेत चार लोग घायल हो गए। वहीं, सिविल लाइंस में ड्यूटी से घर लौट रही महिला पीआरडी जवान पर अश्लील टिप्पणी करने के बाद विरोध करने पर हमला कर दिया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कर्नलगंज थाना क्षेत्र नि-वासी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि १६ अक्टूबर को वह न्यू मम्फोर्डगंज में मोहल्ले में आयोजित जागरण देखने गई थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसके साथ छेड़खानी की।

विरोध करने पर आरोपितों ने गालीगलौज करते हुए अभद्रता की। शोर सुनकर पहुंचे युवती के तीन भाइयों ने विरोध किया तो रिशु, कुन्नू, हर्ष, गौतम सहित आठ-दस अज्ञात लोगों ने एकजुट होकर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों और ईंटों से वार किए, जिससे युवती और उसके तीनों भाई घायल हो गए। कर्नलगंज पुलिस ने नामजद आरोपितों समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

होलागढ़ एवं करछनामें हादसेमें महिला सहित दोकी मौत

जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। घटनाएं होलागढ़ और करछना क्षेत्र में हुईं। होलागढ़ थाना क्षेत्र दहियावां गांव निवासी ४५ वर्षीय हरीलाल मंगलवार देर शाम अपने घर से शौच के लिए निकले थे। जैसे ही कुछ दूर आगे बढ़े थे कि तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने हरीलाल को मृत घोषित कर दिया। उधर, करछना थाना क्षेत्र के पनासा गांव की रहने वाली ५२ वर्षीय नीतू पत्नी रामबली गौड़ बुधवार सुबह करीब नौ बजे अपने बेटे को बुलाने जा रही थीं। उसी समय तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्वजन आननफानन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक बाइक को बरामद कर लिया गया है। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर चालक के बारे में पता लगाया जा रहा है।

बीमार मिले युवककी अस्पतालमें मौत

धूमनगंज थाना क्षेत्र में विगत दिनों बीमार मिले अज्ञात युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने पहचान कराने की कोशिश की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी।

अज्ञात में पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

नींवा चौकी प्रभारी कपिल द्विवेदी ने बताया कि धूमनगंज के अबूबकरपुर प्रीतम नगर में लगभग ४१ वर्षीय अज्ञात युवक १५ दिन पहले बीमारी की अवस्था में मिला था। उसे काल्विन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी इलाज के दौ-रान तीन दिन पहले मौत हो गयी। पुलिस ने युवक के शव की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

युवकसे मारपीट, गोली मारनेकी धमकी

अतरसुइया स्थित एक पार्क में बैठे युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

रानीमंडी निवासी हर्षवर्धन शर्मा ने पुलिस को बताया कि १२ अक्तूबर को वह घर के पास पार्क में बैठे थे। आरोप है कि तभी पुनीत व सचिन पहुंचकर गालीगलौज करने लगे, विरोध करने पर मारपीट करने लगे। शोर सुनकर मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत क-राया। आरोप है कि जाते समय दोनों ने कहा कि उसे गोली मार देंगे। आरोप है कि अगले दिन फिर पार्क में बैठा था। तभी लवकुश वहां पहु-ंचा और पिस्टल दिखाकर धमकाने लगा। अतरसुइया पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गयी है।

दारागंजमें विवादके बाद स्कूटीमें तोड़फोड़

दारागंज थाना क्षेत्र में विवाद के बाद एक स्कूटी में तोड़फोड़ किया गया। दारागंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दारागंज कच्ची सड़क निवासी अंकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि १३ अक्तूबर की रात करीब तीन बजे काली स्वांग निकलने के दौरान सड़क पर कुछ लोगों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इसके बाद सीपू, अमर, यश और उनके साथ आए कुछ अन्य युवकों ने घर के बगल में खड़ी उनकी स्कूटी को लाठी-डंडों से तोड़ दिया। इससे स्कूटी काफी क्षतिग्रस्त हो गई। दारागंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

धूमनगंजमें महिलासे मारपीट, फेंका सामान

धूमनगंज निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि १८ अक्तूबर को पति ड्यूटी पर गए थे। जबकि बच्चे लाइब्रेरी और बैडमिंटन खेलने गए थे। आरोप है कि तभी मनोज अपनी पत्नी के साथ घर आकर उन्हें धक्का दिया। गाल पर थप्पड़ मारा और खुद को बड़ा शूटर बताते हुए पति और बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को फोन किया तो आरोपियों ने पुलिस से नहीं डरने की बात कहकर बेटे को दुराचार के केस में फंसाने की धमकी दी।

वहीं आदर्श कॉलोनी निवासी रूपा देवी ने पुलिस को बताया कि १७ अक्तूबर की सुबह वह घर में अकेली थीं।

इसी दौरान उनके देवर संदीप आर्या गालीगलौज करते हुए घर का सामान बाहर फेंकने लगे। विरोध करने पर संदीप और उनकी पत्नी निर्मला आर्या ने मिलकर लात-घूंसों से मा-रपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसी दौरान संदीप ने प्लास्टिक के पाइप से उनके सिर, पैर और पीठ पर कई वार किए। इससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। धूमनगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

हादसेमें बुजुर्गकी मौत मामलेमें एफआईआर

खुल्दाबाद के जगमल हाता के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा १२ अक्टूबर को उस समय हुआ था, जब वह परिवार के साथ ऑटो से प्रयागराज रेलवे स्टेशन जा रहे थे। पिता का अंतिम संस्कार करने के बाद बेटे ने सोमवार को खुल्दाबाद थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।कौशांबी के सराय अकिल थाना क्षेत्र के बैरा-मद करारी गांव निवासी नरेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके पिता दर्शन (६५) अपनी पत्नी राजपती और बहू नेहा के साथ १२ अक्टूबर को बेनीराम कटरा चौराहे से ऑटो में बैठकर रेलवे स्टेशन जा रहे थे। शाम करीब साढ़े चार से साढ़े पांच बजे के बीच जगमल हाता में केशरवानी आटा चक्की के पास गली नंबर तीन और चार के नजदीक सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए। वहां इलाज का खर्च अधिक बताए जाने पर बेनीराम कटरा स्थित दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसी दिन दर्शन की मौत हो गई। अंतिम संस्कार के बाद बेटे ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

कल बंद रहेंगी जिलेभर में शराबकी दुकाने

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के इलाहा-ाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन २६ का मतदान २३ अक्तूबर को होगा। इस मतदान को सकुशल, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जिला आबकारी विभाग विशेष व्यवस्था कर रहा है।

इसके अन्तर्गत २३ अक्तूबर को जिलेभर में संचालित शराब की दुकानों को बंद करने का निर्णय लिया गया है। आबकारी विभाग ने मतदान दिवस को सम्पूर्ण प्रयागराज में शुष्क दिवस घोषित किया है। जिसके लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन उपमा पाण्डेय ने जिलेकी दुकानों से मादक पदार्थों की बिकी पूर्णतः प्रतिबन्धित की है।

वैदिक मंत्रोच्चारके साथ किया शस्त्र पूजन

शिव शक्ति सेना के तत्वाधान में मंगलवार को विजय दशमी के मौके पर स्वरूपरानी पार्क में शस्त्र पूजन आयोजित हुआ। इससे पूर्व दक्खी लाल चूना वाली गली



स्थित गणेश भगवान के मंदिर से भगवान श्रीराम की सवारी बैंड बाजा एवं घंटा घरियाल शंख नाद के साथ शोभा यात्रा जड़ियन टोला, एसी बासु रोड, अग्रसेन चौराहा से जीरो रोड स्वरूपरानी पार्क पहुंची। वंश तिवारी नेतृत्व में भगवान राम एवं भाई लक्ष्मण की द्वार पूजा एवं आरती उतारी गयी। इस मौके पर शिव शक्ति सेना के पुरोहित पंडित अलख नारायण मिश्र, आचार्य मिथलेश कुमार पाण्डेय के द्वारा वेद मंत्रों के बीच शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर अजय गुप्ता, दिनेश सिंह, प्रमोद बंसल, श्यामजी अग्रवाल, सुधीर जैन, अजय जैन, बब्बन सिंह चौहान, अयोध्या सिंह, शोभना पुरवार, डा. प्रेम लता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।